# आओ आओ श्री गणेश | By Kishan Karosiya

रिद्धि सिद्धि के दाता माँ गोरी के ललना
आओ आओ श्री गणेश पधारो मोरे अंगना

भाँती भाँती के फूल माँगा कर बंदनवार सजाये हैं
श्रद्धा भक्ति और लगन से अंगना चौक पुराये हैं
धूप दीप से महकाये हमने घर अंगना
आओ आओ श्री गणेश पधारो मोरे अंगना

पूजा थाल सजाएं पावन घी के दीप जलाये हैं
मेवा खीर मिठाई लड्डू मोदक भोग लगाए हैं
मूषक वाहन चढ़ आओ लगाओ देर ना
आओ आओ श्री गणेश पधारो मोरे अंगना

ढोल मंजीरा झांझ बजा गुणगान तुम्हारे गाते हैं
गिरिजा नंदन आ जाओ प्रभु तुमको आज बुलाते हैं
तेरे चरणों की प्रभु करते हैं वंदना
आओ आओ श्री गणेश पधारो मोरे अंगना

लम्बोदर गणराज गजानन तुम्हे पुकारे आ जाओ
हम हैं शरण तुम्हारी प्रभु जी बिगड़े काज बना जाओ
सदा किशन बस रहे तेरे चरणों का दीवाना
आओ आओ श्री गणेश पधारो मोरे अंगना

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%86%e0%a4%93-%e0%a4%86%e0%a4%93-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%97%e0%a4%a3%e0%a5%87%e0%a4%b6-by-kishan-karosiya/